## केन्द्र–राज्य संबंध

1. संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची का विस्तृत उल्लेख संविधान की किस अनुसूची में किया गया है ?
(अ) छठी (ब) सातवीं
(स) आठवीं (द) नवीं
उत्तर : (ब)
2. भारतीय संविधान में तीनों सूचियों से संबंधित व्यवस्था निम्नलिखित में से कहाँ से ली गई है ?
(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से
(ब) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से
(स) कनाडा के संविधान से
(द) भारत सरकार अधिनियम 1935 से
उत्तर : (द)
3. सरकारिया आयोग की सिफारिशों का संबंध है–
(अ) राजस्व वितरण से
(ब) भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों एवं कार्यों से
(स) संसद की सदस्यता से
(द) केन्द्र और राज्यों के बीच संबंधों से
उत्तर : (द) SSC 2010
4. केन्द्र राज्य संबंध पर 1971 में राजमन्नार समिति किस राज्य के द्वारा गठित की गई थी ?
(अ) आन्ध्र प्रदेश (ब) केरल
(स) तमिलनाडु (द) कर्नाटक
उत्तर : (स)
5. सरकारिया आयोग संबंधित है–
(अ) उच्च शिक्षा से (ब) नदी जल विवादों से
(स) शेयर घोटालों से (द) केन्द्र–राज्य संबंधों से
उत्तर : (द) JPSC 2003
6. भारतीय संविधान में राज्य की शक्तियों एवं कार्य किस प्रकार से विभाजित किये गये हैं ?
(अ) दो सूचियों में (ब) तीन सूचियों में
(स) चार सूचियों में (द) पांच सूचियों में
उत्तर : (ब)
7. भारतीय संविधान में अवशिष्ट अधिकार हैं–
(अ) राज्यों के पास
(ब) केन्द्र के पास
(स) केन्द्र व राज्य दोनों के पास
(द) किसी के पास नहीं
उत्तर : (ब)
8. भारतीय संविधान के अनुसार अवशिष्ट शक्तियाँ किसको सौंपी गई है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) संघीय संसद
(स) राज्य विधानमंडल (द) राज्यपाल
उत्तर : (ब)
9. केन्द्र तथा राज्य के मध्य शक्तियों के वितरण के लिए भारत का संविधान तीन सूचियों को प्रस्तुत करता है। निम्न में से कौन दो अनुच्छेद शक्तियों के वितरण को विनियमित करते हैं ?
(अ) अनुच्छेछ 4 तथा 5
(ब) अनुच्छेद 56 तथा 57
(स) अनुच्छेद 141 तथा 142
(द) अनुच्छेद 245 तथा 246
उत्तर : (द) UPPCS 2003
10. संघ और राज्यों के विधायी संबंधों का संचालन किन सूचियों के आधार पर किया जाता है ?
(अ) संघ सूची (ब) राज्य सूची
(स) समवर्ती सूची (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)
11. भारतीय संविधान में केंद्र व राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र को संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची द्वारा स्पष्ट किया गया है। जो कार्य इन सूचियों में वर्णित नहीं है, वह किसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं ?
(अ) राज्य के (ब) संघ के
(स) संघ व राज्य के (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
12. अवशिष्ट विषयों पर विधि निर्माण का अधिकार किसे प्राप्त है ?
(अ) संघ
(ब) राज्य
(स) संघ और राज्य दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
13. निम्न में से कौनसा कथन सही है ?
(अ) संघ सूची के विषयों पर विधि निर्माण का अनन्य अधिकार संसद को प्राप्त है
(ब) राज्य सूची के विषयों पर विधि निर्माण का अनन्य अधिकार राज्य विधानमंडल को प्राप्त है
(स) समवर्ती सूची के विषयों पर संसद तथा राज्य विधानमंडल दोनों को ही विधि निर्माण का अधिकार प्राप्त है
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)
14. किन स्थितियों में संसद राज्य सूची के विषयों पर विधि निर्माण कर सकती है ?
(अ) आपातकाल की स्थिति में
(ब) दो या अधिक राज्यों की सहमति से
(स) अंतर्राष्ट्रीय संधि व समझौते को लागू करने हेतु
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

www.rajstudents.com

15. यदि समवर्ती सूची के किसी विषय पर राज्य विधानमंडल द्वारा निर्मित अधिनियम, उसी विषय पर संसदीय अधिनियम परस्पर विरोधी हो तो–
(अ) जो नियम पहले बना है, वह दूसरे पर अभिवासी होगा
(ब) जो नियम बाद में बना है, वह पहले पर अभिवासी होगा
(स) संसदीय अधिनियम राज्यीय अधिनियम पर अभिवासी होगा
(द) संसद और राज्य विधानमंडल दोनों को पुनः अधिनियम निर्माण करना होगा
उत्तर : (स)

16. क्या भारतीय संघ का कोई राज्य किसी विदेशी राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय संगठन से ऋण ले सकता है ?
(अ) हाँ
(ब) नहीं
(स) संघीय सरकार से अनुमति प्राप्त कर
(द) राष्ट्रपति की अनुमति से
उत्तर : (ब)

17. स्रकारिया आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किसके संबंध में जांच के लिए हुई थी ?
(अ) जेल सुधार
(ब) केंद्र–राज्य संबंध का
(स) पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए
(द) शिक्षा सुधार
उत्तर : (ब) SSC 2010

18. केन्द्र–राज्य संबंधों पर विचार करने के लिए सरकारिया आयोग का गठन कब हुआ ?
(अ) 1967 ई.  (ब) 1981 ई.
(स) 1983 ई.  (द) 1982 ई.
उत्तर : (स)

19. भारतीय संविधान में अवशिष्ट अधिकारों को–
(अ) संघीय सरकार को दिया गया है
(ब) राज्य सरकारों को दिया गया है
(स) संघीय और राज्य सरकारों को दिया गया है
(द) न संघीय और न ही राज्य सरकारों को दिया गया है
उत्तर : (अ) UPPCS 2011

20. निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत आने वाले विषयों पर नियमन बना सकने का संसद को एकमात्र अधिकार है ?
(अ) संघीय सूची
(ब) समवर्ती सूची
(स) राज्य सूची
(द) संघीय और समवर्ती सूची
उत्तर : (अ)

21. समवर्ती सूची में लिखे विषयों पर अधिनियम बनाने का अधिकार किसके पास है ?
(अ) राज्य और संघ  (ब) केवल संघ
(स) केवल राज्य  (द) राज्य और संघ क्षेत्र
उत्तर : (अ) SSC 1999

22. उन अवशिष्ट मामलों पर जिनका केन्द्रीय/राज्य /समवर्ती सूचियों में उल्लेख न हो, कौन विधि निर्माण कर सकता है ?
(अ) अनन्य रूप से केवल राज्य विधानमंडल
(ब) केवल संसद
(स) राज्य विधानमंडल के सहमत होने पर संसद
(द) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय निर्णयन के अनुसार संद अथवा राज्य विधानमंडल
उत्तर : (ब) SSC 2001

23. मूल संविधान में संघ सूची में 97 विषय थे। वर्तमान में उनकी संख्या कितनी है ?
(अ) 94  (ब) 96
(स) 97  (द) 100
उत्तर : (द)

24. मूल संविधान में क्षेत्रीय महत्व के 66 विषय राज्य सूची में थे। वर्तमान में उनकी संख्या कितनी है ?
(अ) 61  (ब) 64
(स) 69  (द) 72
उत्तर : (अ)

25. मूल संविधान में समवर्ती सूची के अंतर्गत विषयों की संख्या 47 थीं। वर्तमान में यह संख्या कितनी है ?
(अ) 42  (ब) 45
(स) 50  (द) 52
उत्तर : (द)

26. पंचायती राज विषय है–
(अ) समवर्ती सूची में
(ब) केंद्र की सूची में
(स) राज्य की सूची में
(द) विशेषाधिकार की सूची में
उत्तर : (स) BPSC 1994

27. भूमि सुधार..........................के विषय के अंतर्गत है।
(अ) संघ सूची  (ब) समवर्ती सूची
(स) राज्य सूची  (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) BPSC 1999

28. आर्थिक नियोजन विषय है–
(अ) संघ सूची में
(ब) राज्य सूची में
(स) समवर्ती सूची में
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) BPSC 2005

www.rajstudents.com

29. निम्नलिखित में से कौनसा विषय समवर्ती सूची में है ?
(अ) कृषि (ब) शिक्षा
(स) पुलिस (द) रक्षा
उत्तर : (ब) BPSC 2005

30. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत संघ सूची में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है ?
(अ) बैंकिंग (ब) बीमा
(स) जनगणना (द) गैस
उत्तर : (द) UPPCS 1997

31. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख है ?
(अ) शिक्षा (ब) विद्युत
(स) रेलवे पुलिस (द) वन
उत्तर : (स) UPPCS 1997

32. निम्नलिखित में से कौनसा विषय संघ सूची के अंतर्गत समाविष्ट है ?
(अ) पुलिस
(ब) जनगणना
(स) भू–आगम
(द) लोक स्वास्थ्य और सफाई का प्रबंध
उत्तर : (ब) SSC 2000

33. निम्नलिखित सूचियों में से किसके अंतर्गत शिक्षा आती है ?
(अ) केन्द्रीय सूची (ब) राज्य सूची
(स) समवर्ती सूची (द) सीानीय सूची
उत्तर : (स) SSC 2000

34. निम्नलिखित में से कौन राज्य सूची में नहीं है ?
(अ) कृषि (ब) जेल
(स) सिंचाई (द) सुरक्षा
उत्तर : (द) RRB 2004

35. सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक बीमा विषय है–
(अ) समवर्ती सूची में (ब) अवशिष्ट सूची में
(स) राज्य सूची में (द) संघीय सूची में
उत्तर : (अ) RRB 2003

36. शिक्षा को किस संविधान संशोधन द्वारा रज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में शामिल किया गया ?
(अ) 40वें (ब) 42वें
(स) 44वें (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) RRB 2004

37. समवर्ती सूची का विषय नहीं है–
(अ) समाचार पत्र (ब) परिवार नियोजन
(स) कारखाना (द) लोक स्वास्थ्य
उत्तर : (द) RRB 2004

38. भारतीय संविधान के संबंध में निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(अ) वन – समवर्ती सूची
(ब) स्टॉक एक्सचेंज – समवर्ती सूची
(स) पोस्ट ऑफिस सेविंग बैंक – संघीय सूची
(द) लोक स्वास्थ्य – राज्य सूची
उत्तर : (ब) IAS 2004, RRB 2004

39. निम्न में से कौन राज्य सूची में है ?
(अ) रेलवे पुलिस
(ब) निगमीय कर
(स) जनगणना
(द) आर्थिक एवं सामाजिक नियोजन
उत्तर : (अ)

40. 42वें संवैधानिक संशोधन द्वारा वन, शिक्षा, प्राणियों का संरक्षण और नाप–तौल को किस सूची में सीानांतरण किया गया ?
(अ) संघ सूची से राज्य सूची
(ब) राज्य सूची से संघ सूची
(स) राज्य सूची से समवर्ती सूची
(द) संघ सूची से समवर्ती सूची
उत्तर : (स)

41. मुद्रा, प्रतिरक्षा, बैंक, प्रादेशिक मामले, डाक–तार, नागरिकता आदि विषय किस सूची में रखे गये हैं ?
(अ) संघ सूची (ब) राज्य सूची
(स) समवर्ती सूची (द) अवशिष्ट शक्तियाँ
उत्तर : (अ)

42. पुलिस, न्याय, स्थानीय स्वशासन, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई आदि विषयों को किस सूची में रखा गया है ?
(अ) संघ सूची (ब) राज्य सूची
(स) समवर्ती सूची (द) अवशिष्ट शक्तियाँ
उत्तर : (ब)

43. निम्नलिखित में से कौनसा विषय राज्य सूची में सम्मिलित नहीं है ?
(अ) पुलिस (ब) न्याय
(स) जेल (द) शिक्षा
उत्तर : (द)

44. निम्नलिखित में से कौन समवर्ती सूची में है ?
(अ) करेंसी (ब) शिक्षा
(स) पुलिस (द) कृषि
उत्तर : (ब)

45. राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में लाया गया है–
(अ) कृषि (ब) वन
(स) सिंचाई (द) न्याय
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

46. निम्नलिखित में से कौनसा विषय राज्य सूची का नहीं है ?
(अ) पुलिस
(ब) भू–राजस्व
(स) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण
(द) कारागार
उत्तर : (स)

47. संघ सूची का विषय है–
(अ) पुलिस
(ब) बीमा कर
(स) न्याय
(द) फौजदारी विधि और प्रक्रिया
उत्तर : (ब)

48. राज्य सूची का विषय है–
(अ) न्याय (ब) श्रमिक संघ
(स) परिवार नियोजन (द) निवारक निरोध
उत्तर : (अ)

49. समवर्ती सूची का विषय है–
(अ) सिक्का
(ब) विदेशी ऋण
(स) जेल
(द) विवाह और विवाह विच्छेद
उत्तर : (द)

50. 42वें संविधान संशोधन द्वारा समवर्ती सूची में जोड़ा गया है–
(अ) जनंसख्या नियंत्रण (ब) सार्वजनिक स्वास्थ्य
(स) जेल (द) फौजदारी विधि
उत्तर : (अ)

51. संघ सूची का विषय नहीं है–
(अ) पुलिस (ब) सिक्का
(स) डाक (द) तार
उत्तर : (अ)

52. राज्य सूची का विषय नहीं है–
(अ) पुलिस (ब) न्याय
(स) जेल (द) सीमा कर
उत्तर : (द)

53. कृषि आय पर लगने वाला कर 'भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में दी गई..................सूची में सूचीबद्ध है।
(अ) केन्द्रीय (ब) राज्य
(स) संघ (द) समवर्ती
उत्तर : (ब) IAS 2003

54. संविधान की राज्य सूची में कौनसा विषय नहीं है ?
(अ) मत्स्य (ब) कृषि
(स) बीमा (द) सट्टेबाजी
उत्तर : (स) IAS 1992

55. अंतर्राष्ट्रीय संधियों के भारत के किसी भाग अथवा सम्पूर्ण भारत में लागू करने के लिए संसद कोई भी कानून बना सकती है–
(अ) सभी राज्यों की सहमति से
(ब) बहुसंख्य राज्यों की सहमति से
(स) संबंधित राज्यों की सहमति से
(द) बिना किसी राज्य की सहमति से
उत्तर : (द) IAS 2000

56. समवर्ती सूची में कौनसा विषय है ?
(अ) दिवालियापन (ब) कृषि
(स) भू–राजस्व (द) श्रम कल्याण
उत्तर : (द) IAS 1993

57. केंद्र और राज्यों के बीच वैधानिक शक्तियों का बंटवारा दिया हुआ है–
(अ) 5वीं अनुसूची में (ब) 8वीं अनुसूची में
(स) 6ठी अनुसूची में (द) 7वीं अनुसूची में
उत्तर : (द) UPPCS 1993

58. संविधान में जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा अस्पताल एवं औषधालय किस सूची मे आते हैं ?
(अ) समवर्ती सूची (ब) राज्य सूची
(स) केंद्र सूची (द) किसी सूची में नहीं
उत्तर : (ब) SSC 2015

59. केंद्र राज्य संबंध में विवाद का एक कारण रहा है–
(अ) राष्ट्रपति का पद (ब) प्रधानमंत्री का पद
(स) राज्यपाल का पद (द) मुख्यमंत्री का पद
उत्तर : (स) TET 2009

60. बेटिंग और जुआ भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में दी गई..................सूची में सूचीबद्ध है।
(अ) केन्द्रीय (ब) राज्य
(स) विश्व (द) समवर्ती
उत्तर : (ब) SSC 2017

61. रेलवे, भारत के संविधान में कौनसी सूची में आता है ?
(अ) समवर्ती सूची (ब) केन्द्रीय सूची
(स) राज्य सूची (द) विशिष्ट सूची
उत्तर : (ब) RRB 2008

62. भारतीय संविधान के अंतर्गत 'अवशिष्ट अधिकारों' का अर्थ है–
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मामलों से संबंधित अधिकार
(ब) आंतरिक आपात स्थिति से संबंधित अधिकार
(स) अधिकार जिनका प्रयोग केन्द्रीय सरकार और राज्यों दोनों द्वारा किया जाता है
(द) अधिकार जिनको केन्द्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची में स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है
उत्तर : (द) SSC 2013

63. भारत के संविधान के अंतर्गत विषय तथा संबंधित सूची के बारे में निम्न युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?
(अ) वन – समवर्ती सूची
(ब) शेयर बाजार – समवर्ती सूची
(स) डाकघर बचत बैंक – संघीय सूची
(द) जन स्वास्थ्य – राज्य सूची
उत्तर : (ब) UPPCS 2009

www.rajstudents.com